कार्यसूची सं.	**1**
बैठक का दिनांक	**20.08.2019**
बैठक सं.	**68**

दिनांक 15 मई, 2019 को आयोजित 67 वीं SLBC बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि

- दिनांक **15 मई**, **2019** को आयोजित 67 वीं एस एल बी सी बैठक के कार्यवृत्त सभी संबंधित कार्यालयों को संप्रेषित किए गए हैं |

- सभा के द्वारा उपर्युक्त बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की जा सकती है क्योंकि इस संबंध में किसी भी कार्यालय /विभाग द्वारा किसी प्रकार के संशोधन हेतु कोई अनुरोध प्राप्त नही हुआ है।

कार्यसूची सं.	**2**
बैठक का दिनांक	**20.08.2019**
बैठक सं.	**68**

पूर्व मे आयोजित एस एल बी सी बैठक में लिये गये निर्णय पर कृत कार्यवाही रिपोर्ट

राज्य सरकार से संबंधित मामले

क्र.स.	से लंबित	विषय	वर्तमान स्थिति
1	15.06.2018	Dedicated Certificate Officer की नियुक्ति का मामला	Dedicated Certificate Officer एवं अन्य कर्मचारियों के कार्यालीय खर्चे की प्रतिपूर्ति बैंको द्वारा किये जाने के राज्य सरकार के सुझाव के अलोक में बैंको द्वारा लिए गए निर्णय से राज्य सरकार को पत्रांक SLBC/18-19/53 दिनांक 15.06.2018 के माध्यम से अवगत करा दिया गया था, जिसमे बैंकों द्वारा वसूली गयी राशि से 5% की राशि सरकारी कोष में जमा करने की सहमति दी गयी थी | पूर्व में तत्कालीन विकास आयुक्त के आदेशानुसार बैंको से पुनः इस पर परिचर्चा की गयी परन्तु व्यवहारिक कठिनायियो के कारण बैंको द्वारा कार्यालीय खर्चे की प्रतिपूर्ति कर पाने में असमर्थता व्यक्त की गयी | किसी सर्वमान्य निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाने के कारण इस विषय को अगले बैठक से समाप्त कर दिए जाने का प्रस्ताव SLBC द्वारा पिछली बैठक के दौरान किया गया था परन्तु RBI के सुझाव के आधार पर इसे पुनः राज्य सरकार के पास लंबित मामलों में शामिल किया जा रहा है और सरकार से आग्रह है कि इस सम्बन्ध में ज्यादा NPA वाले बैंको के नियंत्रक प्रमुखों के साथ बैठक कर कोई सर्वमान्य हल ढूंढा जाये |
2	23.07.2018	बैंको को सरकारी भूमि का आवंटन का मामला	राज्य सरकार द्वारा अक्टूबर 2017 में SLBC एवं अन्य बैंको को आवंटित किये जाने वाली भूमि के क्रय मूल्य में किये गए परिवर्तन पर विस्तृत चर्चा हेतु विभाग द्वारा एक बैठक का आयोजन किया जाना प्रस्तावित था परन्तु अभी तक इस सम्बन्ध में कोई बैठक नहीं हो पाई है |
3	27.11.2017	SARFAESI के अंतर्गत physical possession के लिए लंबित cases	बैंको से SLBC के पोर्टल पर प्राप्त सूचना बैंको द्वारा ऋणियों के नाम के साथ दिए गए जिलावार सूचना से काफी भिन्न है | SLBC द्वारा नाम के साथ दी गयी pending रिपोर्ट की सूची राज्य सरकार को दिनांक 07.05.2019 दी गयी है |
4	23.07.2018	land records को	राज्य में land records को अद्यतन (dizitization) किये जाने के बावजूद इसके regular updation नहीं किये जाने के कारण

		अद्यतन किया जाना	वास्तविक जमीन मालिक के सही पहचान में आ रही कठिनाई के समाधान हेतु राज्य सरकार से सहयोग अपेक्षित है।
5	09.02.2017	वित्तीय शिक्षा को स्कूल के पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने के सम्बन्ध में	पिछली बैठक के दौरान इस मुद्दे पर RBI के सहायक महाप्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि CBSE, RBI, SEBI, IRDA एवं PFRDA के द्वारा वित्तीय शिक्षण पर तैयार किए गए वर्कबुक को राज्य के स्कूलों मे नियमित पाठ्यक्रम के अंतर्गत शामिल कराये जाने के मुद्दे को RBI के सुझाव के आलोक में पुनः शामिल किया जा रहा है और इस विषय पर सरकार से वर्तमान वस्तुस्थिति की जानकारी अपेक्षित है।
6.	22.07.2019	किसान क्रेडिट कार्ड से छूटे हुए योग्य किसानों का ब्योरा बैंको को उपलब्ध करवाना	केसीसी saturation का अभियान जारी है। इस अभियान के पूर्ण सफलता के लिए SLBC द्वारा राज्य सरकार के कृषि विभाग से निवेदन किया गया है कि जिन योग्य किसानो का किसान क्रेडिट कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है, उसका ब्योरा बैंकों को मुहैया कराएं जाएँ ताकि उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड तय सीमा में दिया जा सके। पूर्व में भी बैंकों द्वारा यह आग्रह किया जाता रहा है परन्तु विभाग द्वारा संबन्धित सूची अभी तक अप्राप्त है।

बैंक से संबधित मामले

बैंकों से संबंधित मामलों को 61वी SLBC की बैठक से SLBC द्वारा ATR के रूप में discuss किये जाने का प्रावधान किया गया है। पिछली SLBC की 67 वीं बैठक के दौरान जिन मुद्दों पर चर्चा की गई थी, उन मुद्दों को सभी संबंधित बैंको एवं LDMs को उनके द्वारा उचित कार्यवाही करने के लिए ATR के format में भेजा गया था, जिससे संबंधित compiled रिपोर्ट यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है। इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के पूर्व उन बैंको एवं LDMs का उल्लेख जरुरी है जिन्होंने बार-बार लिखित एवं मौखिक आग्रह के बावजूद SLBC को ATR प्रेषित नहीं किया है। ये बैंक हैं- Bandhan Bank, Federal Bank, Indus Ind Bank, J & K Bank, Karur Vaisya Bank, Kotak Mahindra Bank, Laxmi Vilas Bank, South Indian Bank और Yes Bank.

विस्तृत रिपोर्ट पृष्ठ सं-2 (a) से 2 (e) पर संलग्न है।

कार्यसूची सं.	**3**
बैठक दिनांक	**20.08.2019**
बैठक सं.	**68**

सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के महत्वपूर्ण संकेतक

(Rs in crore**s**)

Sl. No	KEY INDICATORS	30.06.2018	31.03.2019	30.06.2019	Bench Mark
1	**Deposit**	198214.28	218100.64	219466.95	
	CASA Deposit	90731.75	99896.90	98048.17	
2	**Credit**	86863.17	95562.14	94952.77	
3	**Credit as per place of utilization* & RIDF****	30782.35	29465.43	28820.18	
4	**Total Credit**	117645.52	125027.57	123772.95	
5	**CD Ratio**	59.35	57.33	56.40	60
6	**Priority Sector Advances (PSA)**	45573.29	52924.75	52754.89	
7	**Share of PSA to Total Advances (%)**	52.47	55.38%	55.56	40
8	**Agricultural Advances**	13510.82	14864.80	14821.83	
9	**Share of Agricultural Advances to Total Advances (%)**	15.55	15.56%	15.61	18
10	**i.Micro & Small Enterprises Advance**	20323.37	24189.37	24508.50	
	ii. Share of Micro & Small Enterprises to Total Advances (%)	23.44	25.31%	25.81%	
	iii. Share of Micro Enterprises in MSE	59.90	56.60%	57.19%	
11	**Advances to Weaker Sections**	14937.72	16334.11	16365.23	
12	**Share of Weaker Section Advances to Total Advances (%)**	17.19	17.09%	17.24	10
13	**DRI Advances**	31.15	32.59	34.51	
14	**Share of DRI Advances to Total Advances of last March (%)**	0.04	0.04%	0.04%	1
15	**Advances to Women**	11455.11	13027.82	13334.22	
16	**Share of advances to women in Total advances (ANBC) (%)**	13.19	13.63%	14.04%	5
17	**Advances to Minorities (Amount)**	5806.86	6113.46	6064.21	
18	**Share of Advances to Minorities under PSA (%)**	12.74	11.55%	11.50%	15
19	**Gross N.P.A**	5099.35	5711.86	5866.98	
	Provision	2571.05	2820.73	3025.41	
	Net NPA	2528.30	2891.13	2841.57	
	Gross NPA Percentage	5.87%	5.98%	6.18%	
	Net NPA Percentage	2.91%	3.02%	2.99%	
20	**Branch Net-Work (in no.)-Rural** **Semi-Urban** **Urban** **Total** **BranchNetwork-Smal Finance Bank**	1498 785 729 3012	1486 776 834 3096	1484 771 842 3097 65	

	Payment Banks **Total Branch including SFB**			**22** **3184**	
21	**ATM installed in Jharkhand** **ATM-Small Finance Bank** **Total ATM**	3471	3367	3420 26 3466	

*Annexure- V, As per Annex - I, Annex-II, Annex-III, Annex-IV**,** Annex -XIX

पर्यवेक्षण

जमा वृद्धि (Deposit Growth)

झारखंड राज्य में बैंकों की सकल जमा में पिछले एक साल में, यानि 30 जून, 2018 से 30 जून 2019 तक रूपये 21252.67 करोड़ की वर्ष-वार वृद्धि हुई है | वर्ष-दर-वर्ष सकल जमा में 10.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है |

ऋण वृद्धि (Credit Growth)

राज्य में बैंकों के कुल क्रेडिट में पिछले एक साल में रूपये 7316.42 करोड़ की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई | वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि की दर 8.06 प्रतिशत दर्ज की गई है |

क्रेडिट – जमा अनुपात (C.D Ratio)

30.06.2018 (59.35%) की तुलना में 30.06.2019 (56.40%) में CD ratio में गिरावट दर्ज की गई है, परन्तू पिछली कई तिमाही में बैंकों का सीडी अनुपात में गिरावट हो रही है। CD ratio जून 2019 में 56.40% रह गया है, जो राष्ट्रीय बेंचमार्क 60% से काफी कम है | मार्च'19 के तुलना में कुल क्रेडिट में 609.37 करोड़ एवं RIDF में 362.67 करोड़ की गिरावट दर्ज हुई है जबकि कुल जमा में 1366.31 करोड़ की वृद्धि हुई है। जून'18 एवं जून'19 के तुलना करने पर कुल जमा में 21252.67 करोड़ की वृद्धि के समक्ष कुल ऋण में मात्र 7316.42 की वृद्धि हुई है तथा **Credit as per place of utilization & RIDF** में 1962.17 करोड़ की गिरावट दर्ज हुई है। सभी बैंकों को इस दिशा में और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है |

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम (PSA)

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम में वर्ष–दर-वर्ष आधार पर 15.75% की वृद्धि दर्ज की गयी है। वर्तमान में समग्र प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का अग्रिम कुल अग्रिम का 55.56% है जो राष्ट्रीय बेंचमार्क 40 प्रतिशत से ज्यादा है।

कृषि अग्रिम (Agriculture Credit)

31 मार्च 2019 को कृषि अग्रिम रू. 14864.80 करोड़ था जो कुल अग्रिम का 15.56 प्रतिशत था। यद्यपि पिछली तिमाही में कृषि ऋण के अंतर्गत रू. 1494.49 करोड़ संवितरित किये गए हैं, परंतू वर्तमान में कृषि क्षेत्र का अग्रिम कुल अग्रिम का 15.61 % है, जो कि राष्ट्रीय बेंचमार्क 18% से कम होने के कारण एक चिंतनीय प्रश्न है और बैंकों द्वारा कृषि क्षेत्र में अपेक्षित ऋण प्रवाह नहीं किये जाने की ओर स्पष्ट संकेत करता है | लगभग प्रत्येक SLBC की त्रैमासिक बैठक एवं कृषि उपसमिति में इस मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा की जाती रही है परंतू अब यह लाजिमी ही गया है कि सभी बैंको एवं अन्य हितधारकों को विशेष कार्ययोजना बनाकर कृषि ऋण में वृद्धि करने के लिए अथक प्रयास करना पड़ेगा |

कमजोर वर्ग (Weaker Section)

30 जून 2019 तक झारखण्ड राज्य में कमजोर वर्ग को रूपये 16365.23 करोड़ (17.24 प्रतिशत) का ऋण दिया गया है जो राष्ट्रीय बेंचमार्क 10 प्रतिशत से बेहतर है। वर्ष दर वृद्धि 9.56 % दर्ज की गई है।

महिलाओं को ऋण (Advance to Women)

30 जून 2019 तक महिलाओं को दिये गए ऋण का कुल शेष (O/S) रू. 13334.22 करोड़ है, जो की कुल अग्रिम का लगभग 14.04% है **|** यह राष्ट्रीय बेंचमार्क 5% से ऊपर है | वर्ष दर वृद्धि 14.09% दर्ज की गई है।

<u>अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदत्त ऋण (Advance to Minority Community)</u>

30 जून 2019 की स्थिति के अनुसार अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदत्त ऋण रूपये 6064.21 करोड़ है । यह प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का 11.50% है, जो मानक 15 प्रतिशत से कम है | वर्ष दर वृद्धि 4.43 % दर्ज की गई है। इसमें अपेक्षित सुधार लाने के लिए सभी बैंकों को ध्यान देने की आवश्यकता है |

30 जून 2019 को राज्य का ऋण–जमा अनुपात

भारतीय रिजर्व बैंक के **MASTER CIRCULAR. No – RPCD.CO.LBS.BC.No. 9/02.01.001/2014-15,** दिनांक 0**1.07.14** के अनुसार बैंकों का ऋण जमा अनुपात का मॉनिटरिंग राज्य स्तर पर होने वाले उपयोग और आर आई डी एफ के अनुसार किया जाना है।

तदनुसार, झारखण्ड राज्य का ऋण –जमा अनुपात निम्नवत है :-

(Rs in crore)

DETAILS		**30th June, 2018**	**30th June, 2019**	
Aggregate Deposits		**198214.28**	**219466.95**	
CORE ADVANCES	**86863.17**		94952.77	
As per place of Utilization	**25752.98**		22865.38	
RIDF	**5029.37**		5954.80	
NET ADVANCES	**117645.52**		123772.95	
ऋण-जमा अनुपात		**59.35**		**56.40**

(परिशिष्ट-4, परिशिष्ट - 5)

नोट : कृपया ऋण – जमा अनुपात का विस्तृत विश्लेषण हेतु संलग्नक का संदर्भ लें जिसमें विभिन्न पैरामीटर ग्रामीण/अर्द्धशहरी/शहरी केन्द्र, बैंकवार और जिलावार समीक्षा आदि से संबंधित पूर्ण विवरण संलग्न है।

हम यहाँ विशेष रूप से उल्लेख करना चाहेंगे कि मार्च 2019 की तुलना में राज्य का CD Ratio 57.33% से कम होकर जून 2019 में 56.40% रह गया है | बैंको के समग्र ऋण में गिरावट दर्ज हुई है और हमारा core CD Ratio 43.82% से घटकर 43.27% हो गया है। पिछली तिमाही से HDFC Bank द्वारा Place of Utilisation के तहत रु 3657.34 करोड़ दर्शाया गया था जिसे इस तिमाही के अंत में शून्य दर्शाया गया है, जिसके कारण राज्य के CD Ratio में कमी आई है |ICICI बैंक के CD Ratio में 44% की गिरावट दर्ज हुई है। पिछले तिमाही में ICICI Bank के कुल जमा में 455 करोड़ की वृद्धि हुई है परंतु में कुल ऋण में 1163 करोड़ की गिरावट दर्ज हुई है। इलाहाबाद बैंक के CD Ratio में 5% की गिरावट दर्ज हुई है।

कार्यसूची सं.	4
बैठक का दिनांक	20.08.2019
बैठक संख्या	68

4.1 वार्षिक ऋण योजना 2019-20 के तहत उपलब्धियों की समीक्षा : 30 जून 2019 तक

30 जून 2019 की स्थिति के अनुसार वार्षिक ऋण योजना 2019-20 के क्रियान्वयन में बैंकों का पिछले वर्ष की तुलना में सेक्टर वार उपलब्धि:

(रू करोड़ में)

SECTOR	ANNUAL TARGET (2018-19)	ACHIEVEMENT IN AFY 2018-19		ANNUAL TARGET (2019-20)	ACHIEVEMENT IN AFY 2019-20	
	AMT.	AMT	AMT.	AMT.	AMT	%
1	5	6	5	5	6	7
Agriculture	**8336.60**	1008.29	**12.09**	**9026.04**	1494.5	**16.56%**
MSME	**8560.35**	3086.26	**36.05**	**10269.11**	4413.9	**42.98%**
OPS	**4213.60**	694.50	**16.48**	**2817.51**	**525.67**	**18.66%**
Total Priority	**21110.55**	4789.05	**22.68**	**22112.66**	6434.07	**29.10%**
Non Priority	**8773.34**	3729.85	**42.51**	**11921.92**	3187.37	**26.74%**
Total	**29883.89**	**8518.90**	**28.50**	**34034.58**	**9621.44**	**28.27%**

कृषि ऋण, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र, कुल अग्रिम एवं CD ratio में विभिन्न जिलों एवं बैंको द्वारा प्राप्त किये गए उपलब्धि प्रतिशत को पृष्ठ सं-**7**(a) में दर्शाया गया है |

टिप्पणियां :

- वित्तीय वर्ष 2019-20 के प्रथम तिमाही दौरान वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध **28.27** % समग्र ऋण का संवितरण हुआ है। यह उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में हुई **28.50** % संवितरण के बराबर ही है, परंतू सभी बैंको के सामूहिक प्रयास से आगामी महीनों में इसमें अपेक्षित वृद्धि लायी जा सकती है |
- कृषि क्षेत्र में कुल वार्षिक योजना के विरुद्ध केवल 16.56 % ऋण का संवितरण ही हो पाया है | कृषि क्षेत्र में ऋण संवितरण की स्थिति में और अधिक सुधार की आवश्यकता है | सभी बैंकों के नियंत्रक प्रमुखों से आग्रह है की वे नाबार्ड के तत्वाधान में हुए SLBC-agriculture sub-committee की बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों जैसे कि-कम से कम 30% कृषि ऋण का सविंतरण मियादी ऋण के रूप में सुनिश्चित करना, दुग्ध उत्पादन , मतस्य पालन, मुर्गी पालन एवं अन्य सम्बद्ध गतिविधियों के लिए ऋण देना इत्यादि तथा एरिया डेव्लपमेंट स्कीम का अनुपालन अपनी शाखाओं के माध्यम से पूरी दृढता के साथ लागू कराने का प्रयास करें ताकि कृषि क्षेत्र में ऋण का प्रवाह बढाया जा सके |
- MSME sector में इस वित्तीय वर्ष में बैंकों द्वारा MSME के वार्षिक बजट के विरुद्ध 43% की उपलब्धि सराहनीय है |
- 2019-20 के लिए दिये गए ACP के विरुद्ध बैंकवार एवं जिलावार हुई उपलब्धि को annexure-6 में दर्शाया गया है एवं Agriculture Loan में बैंकवार एवं जिलावार segment wise संवितरण और o/s का रिपोर्ट annexure-7 में दिया गया है |

कार्यसूची सं.	5
बैठक का दिनांक	20.08.2019
बैठक संख्या	68

5. REVIEW OF LENDING ऋण की समीक्षा

5.1. कृषि एवं किसान क्रेडिट कार्ड

राज्य में सभी बैंकों का कुल कृषि साख 30.06.2019 की स्थिति के अनुसार रू. 14821.83 करोड़ है जो सकल ऋण का 15.61 % है। यह राष्ट्रीय मानक 18 प्रतिशत से कम है। बैंकों के नियंत्रक प्रमुखों, नाबार्ड एवं अन्य संबंधित हितधारकों के सामूहिक प्रयास से इसे पुन: बेंचमार्क 18% से ज्यादा किये जाने का यथासंभव प्रयास किया जाना चाहिए |

झारखण्ड में के सी सी की स्थिति (STATUS OF KCC IN JHARKHAND)

(Amt. In Crores)

Type Of Banks	Disbursement during 2019-20		Outstanding In KCC A/Cs As of 30.06.2019	
	A/C	Amt.	A/C	Amt.
Public Sector Banks	54739	191.21	1297006	5024.40
Pvt. Banks	8679	33.85	48572	221.06
Total	**63418**	**225.06**	**1345578**	**5245.5**
RRB	14336	96.06	389754	1738.60
Co-op Banks	121	0.80	11002	30.34
Total	**77875**	**321.92**	**1746334**	**7014.40**

(KCC से संबंधित प्रतिवेदन annexure-8 में उल्लिखित है)

- सभी सामान्य के सी सी खातों को Smart K.C.C खातों में परिवर्तित कर उन खातों मे आवश्यक तौर पर Rupay Card जारी कर देना था, ताकि यह ATM एवं POS में भी कार्य कर सके। दिनांक 30.06.2019 तक बैंकों द्वारा दिये गए आंकड़े के अनुसार कुल 1540921 eligible KCC खातों में से 1364708 खातों में रूपे कार्ड जारी करने हेतु आवेदन किया गया है जिसके विरुद्ध 1327364 खातों में (97.26%) rupay debit card निर्गत किये गए हैं।

(विवरण पृष्ठ सं-8(a) एवं 8(b) में संलग्न है।

5.2. (क) सुक्ष्म एवं लघु और मध्यम उद्यमों का वित्त पोषण

5.2.1. सुक्ष्म एवं लघु और मध्यम उद्यमों का वित्त पोषण (एम एस एम ई)

(Accounts in thousands) (Amt. in crore)

Sl. No.	Particular		Outstanding position as at the end of	
			June 2018	**June 2019**
(1)	(2)		(3)	(4)
MICRO & SMALL ENTERPRISES				
1	**Micro Enterprises**	**Accounts**	**539**	**697**
		Amount	**12172.70**	**14018.59**
2	**Small Enterprises**	**Accounts**	**46**	**58**

		Amount	**8150.67**	**10489.91**
3	**Total Micro and Small Enterprises (MSE sector)**	**Accounts**	**585**	**765**
		Amount	**20323.37**	**24508.59**
MEDIUM ENTERPRISES				
4.	**Total of Medium Enterprises**	**Accounts**	**07**	**09**
		Amount	**1885.35**	**2426.28**
MSME				
TOTAL MSME (PRIORITY SECTOR ADVANCES)		**Accounts**	**592**	**774**
		Amount	**22208.72**	**26934.78**
5. a.	Share of Credit to Micro Enterprises in total credit to MSE sector	Percent share of amounts **(stipulation: 60%)**	**59.90%**	**57.20%**
b.	Share of credit to MSE sector in NBC/ ANBC	Percent share of amount	**23.44%**	**25.81%**

(MSME रिपोर्ट –annexure-9)

COVERAGE UNDER CGTMSE (for eligible Loans Upto Rs. 2.00 Crore in MSE) (Position as on 30.06.2019)

(A/C in 000, Amt.in Cr.)

Eligible MSE loan up to Rs. 2.00 Crore		**Coverage under CGTMSE**	
TOTAL		**TOTAL**	
A/C	**Amt**	**A/C**	**Amt.**
556	**19642.13**	**115**	**7961.82**

(रिपोर्ट पृष्ठ सं- 9 a में सलंग्न है)

टिप्पणियां

- झारखंड में कुल एमएसई में माइक्रो सेक्टर क्रेडिट की हिस्सेदारी भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश के अनुसार 60% की बेंच मार्क के विरूद्ध जून, 2019 मे 57.20 % है।
- बैंको द्वारा प्रदत जानकारी के अनुसार ,झारखण्ड राज्य मे, रु. 2 करोड़ की सीमा के अंदर कुल 5.56 लाख (लगभग) MSE ऋण खातें हैं, जो cgtmse coverage के लिए eligible हैं, परंतु इनमे से केवल 1.15 लाख (लगभग) ऋण खातों में, यानी कि सिर्फ 20.68% खातों में ही CGTMSE कवरेज लिया गया है | **RBI एवं SLBC के बार बार आग्रह के बावजूद बैंको द्वारा इसकी reporting में सुधार नहीं किया जा रहा है |**
- PSB Loans in 9 Minutes से सम्बंधित रिपोर्ट पृष्ठ संख्या-10 (b) & 10 (c) में दिया गया है |

5.2 (ख) "प्रधानमंत्री मुद्रा योजना"

दिनांक 8 अप्रैल,2015 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की शुरुआत की गई | यह योजना मुख्यत: गैर-कृषि क्षेत्र के छोटे उद्यमियों को बैंक द्वारा वित्त पोषण के लक्ष्य से शुरू की गई थी | परंतु वर्तमान में DFS, Ministry of Finance, GOI के पत्रांक - 29/2/2016-IF-2 दिनांक 23.06.2016 के द्वारा कृषि क्षेत्र के Allied Activities -e.g. Pisciculture, beekeeping, poultry, diary, fishery, agriclinics & agribusiness centres, food & agro processing एवं इन गतिविधियों को सहारा देने वाली वैसी सेवाएँ जो जीविकोपार्जन अथवा आय अर्जन को promote करती हैं, इत्यादि को भी 01.04.2016 से PMMY के तहत शामिल कर लिया गया है | PMMY योजना के तहत दिये जाने वाले सभी ऋणों का NCGTC (National Credit Guarantee Trustee Co Ltd) द्वारा guarantee cover (CGFMU-Credit Guarantee for Mudra Unit) सुनिश्चित किया गया है |

इस योजना की राज्य में प्राप्त उपलब्धि निम्नलिखित है:

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में झारखण्ड की उपलब्धि (01.04.19 से 30.06.19 तक)

(राशि करोड़ में)

	शिशु		किशोर		तरुण		TOTAL	
	NO	**AMT**	**NO**	**AMT.**	**NO**	**AMT.**	**NO**	**AMT.**
Sanctioned	75201	273.73	9758	202.33	2559	206.50	87518	682.57
Disbursed	75135	271.54	9741	193.27	2548	186.13	87424	650.94

MUDRA पोर्टल पर दिये गए आंकड़ों के अनुसार राज्य में Micro Finance Institutions के द्वारा लगभग 345921 खातों में रु 1173.18 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है और 345921 खातों में रु 1062.99 करोड़ की राशि वितरित की गई है | इस तरह MUDRA योजना के तहत राज्य में अब तक कुल 433439 खातों में रु 1855.75 करोड़ की राशि का संवितरण हुआ है |

MUDRA पोर्टल पर दिये गए आंकड़ों के अनुसार राज्य में सभी बैंको एवं MIcro Finance Institutions के द्वारा सम्मिलित रूप से इस योजना की राज्य में प्राप्त उपलब्धि निम्नलिखित है :

	शिशु		किशोर		तरुण		TOTAL	
	No.	**AMT**	**No.**	**AMT.**	**No.**	**AMT.**	**No.**	**AMT.**
Sanctioned	403399	1090.04	25884	422.28	4156	343.42	433439	1855.75
Disbursed	403333	1071.49	25867	354.00	4145	288.44	433345	1713.93

(रिपोर्ट पृष्ठ सं-10 (a) एवं 10(b) में सलंग्न है)

5.2 (ग) स्टैंड अप इंडिया ऋण योजना

स्टैंड अप इंडिया ऋण योजना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य की उपलब्धि 30.06.2019 तक SIDBI के पोर्टल के आधार पर इस प्रकार है-

Total Beneficiaries	Women Beneficiaries	Male Beneficiaries	Out of total Beneficiaries, SC/ST Beneficiaries	Loan Sanctioned Amt (Rs in Cr)
22	21	01	00	4.75

(रिपोर्ट पृष्ठ सं-10(c) में सलंग्न है)

5.3. शिक्षा ऋण Education loan

शिक्षा ऋण योजना के तहत्त बैंको का निष्पादन

(Amt. in crore)

Particulars	As on 30.06.18	As on 30.06.19				Total As on 30.06.19	GROWTH Y-O-Y IN EDU. LOAN	DISBURSEMENT DURING FY 2019-20
		Public Sector Bank	Private Sector Bank	RRB	Coop. Bank			
No. of Accounts	66458	63729	725	754	127	65335	(-)60.34	2467

Amount (In crore)	3148.48	3032.76	29.40	24.04	1.94	3088.14		164.84

(Annexure-10)

- वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही तक शिक्षा ऋण के तहत कुल 2467 खातों में 164.84 करोड़ रु की राशि के संवितरण की रिपोर्टिंग की गई है |
- RBI के प्रावधानों के तहत रु. 4.00 लाख तक के शिक्षा-ऋण में किसी भी तरह के SECURITY की आवश्यकता नही है, एवं रु.7.50 लाख तक के बिना SECURITY या GUARANTEE पर दिया गया शिक्षा ऋण पर CREDIT GUARANTEE उपलब्ध है, इसीलिये रु 7.50 लाख तक के शिक्षा-ऋण C.N.T या S.P.T एक्ट के प्रभाव से मुक्त माना जा सकता है | इसे ध्यान में रखते हुए 54 वीं SLBC बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि SC/ST संवर्ग के योग्य छात्रों को रु.7.50 लाख तक के शिक्षा ऋण देने के लिए बैंकों के द्वारा विशेष अभियान चलाया जाय |
- इस वित्तीय वर्ष के दौरान कुल संवितरित ऋण में अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्रों को रु.7.50 लाख तक दिये गए शिक्षा ऋण की स्थिति **(annexure -10 A)** इस प्रकार है:

	स्वीकृत		वितरित	
	संख्या	राशि (रु करोड़ में)	संख्या	राशि (रु करोड़ में)
कुल दिया गया शिक्षा ऋण (2019-20)			2467	164.84
रु 7.50 लाख तक दिया गया कुल शिक्षा ऋण	1699	100.57	1656	37.05
अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्रों को दिया गया रु 7.50 लाख तक दिया गया शिक्षा ऋण	382	23.34	368	9.06

5.4 आवास ऋण

आवास ऋण योजना के तहत बैंकों का प्रदर्शन

(रु .करोड़ में)

Particulars	Up to 30.06.18	30.06.2019				Total Up to 30.06.19	Growth in H/Loan Y-on-Y	Disbursement in AFY 2019-20
		Public Sector Banks	Private Sector Banks	RRB	Coop. Banks			
खाता की सं.	78294	76233	5320	952	0	82505	642.83	3243
राशि	8642.05	8582.37	644.32	50.95	7.24	9284.88		483.07

Coop.Banks, Housing Loan की संख्या रिपोर्ट नहीं की है। **(रिपोर्ट –annexure-11)**

5.5 CREDIT FLOW TO SPECIAL CATEGORY OF BORROWERS (ऋण लेने वालों की विशेष श्रेणी हेतु ऋण प्रवाह)

5.5.1 अल्पसंख्यक समुदायों हेतु ऋण प्रवाह

30 जून, 2019 की तुलनात्मक स्थिति नीचे दी गई है

(रु .करोड़ में)

30 जून, 2018		% Share	30 जून, 2019		% Share
Total P.S.A	Loans to Minority Community		Total P.S.A	Loans to Minority Community	
45573.29	5806.86	12.74%	52754.89	6064.21	11.50%

(रिपोर्ट –annexure-13)

5.5.2 महिलाओं के लिए ऋण प्रवाह

30 जून, 2019 की तुलनात्मक स्थिति नीचे दी गई है

(रु .करोड़ में)

30 जून, 2018		PERCENTAGE OF CREDIT TO WOMEN	30 जून, 2019		PERCENTAGE OF CREDIT TO WOMEN
Gross Credit	Of which to Women		Gross Credit	Of which to Women	
86863.17	11455.11	13.19%	94952.77	13334.22	14.04%

(रिपोर्ट –annexure-13)

5.5.3 डीआरआई के लिए ऋण प्रवाह(DRI)

30 जून, 2019 को इस क्षेत्र में बैंकों के प्रदर्शन, नीचे इस प्रकार है:

(रू. करोड़ में)

30 जून, 2018		DRI Percentage in Net Credit	30 जून, 2019		DRI Percentage in Net Credit
Net Credit	DRI		Net Credit	DRI	
86863.17	31.15	0.04%	94952.77	34.51	0.04%

(रिपोर्ट –annexure-12)

5.5.4. SC/ST के लिए ऋण प्रवाह

30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही मे अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के लिए ऋण प्रवाह की तुलनात्मक स्थिति नीचे दी गई है- :

(रू. करोड़ में.)

30 जून, 2018		% achievement	30 जून, 2019		%
Net Credit	Loans to SC/ST		Net Credit	Loans to SC/ST	
86863.17	11288.26	12.99%	94952.77	11604.51	12.22%

(रिपोर्ट –annexure-13)

5.6. Scheme for financing of Women SHG

एसएचजी महिलाओं के वित्तपोषण हेतु योजना

बैंकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में पूरे राज्य में 185873 SHGs के S/B खाते हैं , जिनमें से 119644 खातो का credit linkage है, जिसमे कुल रु 935.95 करोड़ स्वीकृत किया गया है और वर्तमान में O/S राशि रू 611.36 करोड़ है |

(रिपोर्ट- Annexure-15)

5.7. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM)

एन आर एल एम की उपलब्धि (30 जून, 2019 तक) Source-JSLPS

संकेतक Indicators	Status as on March 2019	उपलब्धि Achievement in AFY- 19–20	Cumulative achievement till date since Inception
No of Blocks	263	-	263
No of Villages	21340	844	22184
Total No of SHGs supported By SRLM	193182	8990	202172
Total family supported by SRLM	2331272	209454	2540726
No of SHG receiving R.F	83006	2633	85639
Amt. of RF disbursed (Rs. in Lakhs)	12413	545	12958
No of SHG receiving CIF	37074	0	37074
Amt. of CIF disbursed (Rs. in Lakhs)	20527	0	20527
No of SHG credit linked with Banks	99746	5675	105421
Amt. of Credit availed from Banks (Rs. in Lacs)	97751	5675	103426

- वित्तीय वर्ष 2019-20 के प्रथम तिमाही के दौरान बैंको द्वारा SLBC के पोर्टल पर प्रदत्त जानकारी के अनुसार कुल 399 SHGs को credit लिंक किया गया है, जबकि JSLPS के द्वारा इस अवधि में credit linked किये गए SHGs की संख्या 5675 बताई गई है | JSLPS से अनुरोध है कि वे बैंको से अद्यतन जानकारी लेकर अपनी रिपोर्टिंग में आवश्यक सुधार कर सही आंकड़े SLBC को प्रेषित करें |

  (JSLPS से प्राप्त SHG का बैंकवार एवं जिलावार प्रगति प्रतिवेदन पृष्ठ संख्या-13 (a) एवं 13 (b) में दिया गया है |)

कार्यसूची सं.	**6**
बैठक की तिथि	**20.08.2019**
बैठक की संख्या	**68**

वित्तीय समावेशन एवं
प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)

झारखंड में प्रधानमंत्री जन धन योजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति

A. **BC (बैंक मित्र) द्वारा SSA के कवरेज की स्थिति**

SSA की कुल संख्या	BC द्वारा SSA का coverage (Fixed Location)	बैंक शाखा द्वारा SSA का coverage	uncovered	No of Micro ATMs enabled & allotted to BCs	No of Pin Pads enabled & allotted to BCs
4178	**3730**	**448**	**Nil**	**3252**	**5290**

{रिपोर्ट- पृष्ठ संख्या -14 (a) & 14 (b)}

B **Online transaction करने वाले BC की स्थिति**

बैंको द्वारा नियुक्त किये गए BC की कुल संख्या	Online transaction करने वाले BC की कुल संख्या	50 से कम प्रतिदिन transaction करने वाले BC की कुल संख्या	50 से 100 transaction प्रतिदिन करने वाले BC की कुल संख्या	100 से ज्यादा transaction प्रतिदिन करने वाले BC की कुल संख्या
6251	**5379**	**3344**	**1288**	**747**

{रिपोर्ट- पृष्ठ संख्या -14 (c)}

C. **PMJDY के तहत 30.06.2019 तक खोले गए खातों की स्थिति**

30.06.2019 तक खोले गए खातों की संख्या			PMJDY खातों मे जारी किये गये कुल रूपे कार्ड की संख्या	आधार Seeding किये गये PMJDY खातों की संख्या	मोबाइल Seeding किये गये PMJDY खातों की संख्या	बैंकों द्वारा वितरित किये गये कुल रूपे कार्ड की संख्या	बैंकों द्वारा activate किये गये कुल रूपे कार्ड की संख्या
ग्रामीण	शहरी	कुल					
A	**B**	**C**	**D**	**E**	**F**	**G**	**H**
9157656	3408016	12565672	10515989	11223920	8609010	8434120	7187806

{रिपोर्ट- पृष्ठ संख्या -14 (d) & 14 (e)}

NB: (Coloumn A, B, C, D एवं E की जानकारी DFS portal से ली गई है जबकि Coloumn F, G एवं H में दी गई जानकारी बैंकों द्वारा दी गई है)

यद्यपि पीएमजेडीवाइ योजना के तहत खोले गए खातों में अब तक कुल 10515989 रुपे कार्ड जारी किए गए हैं , परन्तु प्राप्त सुचना के आधार पर यह पता चल रहा है कि जारी किये गए रुपे कार्ड में से केवल 8434120 कार्ड ही अब तक वितरित किये गए हैं और उनमे से भी अब तक केवल 718706 खातों में रुपे कार्ड activate हो पाया है | बैंकों/LDMS से आग्रह है कि वर्तमान समय में Cashless transaction को बढ़ावा देने के लिए शत प्रतिशत रुपे कार्ड का activation करना अत्यंत जरुरी है , और BCs द्वारा किये जाने वाले प्रतिदिन transaction की संख्या को बढाने के लिए सतत प्रयास किये जाने की आवश्यकता है |

राज्य में PMJDY खातों में दिये गए ओवरड्राफ्ट facility एवं death claim settlement से संबधित बैंकों से प्राप्त आंकडा पृष्ठ संख्या-15 (a) में दर्शाया गया है |

प्रधानमंत्री जन-धन योजना" के द्वितीय चरण में, जन सुरक्षा हेतु, लागु किये गये, विभिन्न बीमा एवं पेन्शन योजनाएं :

दिनांक: 30.06.2019 तक इन योजनाओं में सभी बैंकों की उपलब्धि निम्नवर्णित है-

PMJJBY	PMSBY	APY	
Total Enrolment	Total Enrolment	Enrolment during 2019-20	Total Enrolment since inception
764422	**3279979**	**119704**	**373962**

(रिपोर्ट पृष्ठ सं-15 (b) सलंग्न है)

<u>वित्तीय समावेशन एवं BRANCH EXPANSION पर भारतीय रिज़र्व बैंक का अद्यतन दिशानिर्देश एवं 5000 से ऊपर के गावों में बैंकिंग शाखा खोलने संबन्धित रोडमैप</u>

भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व के निर्देशानुसार 5000 से ज्यादा आबादी वाले सभी गाँवों में दिनांक 31.03.17 तक बैंक की शाखा खोलना अनिवार्य किया गया था | झारखण्ड राज्य में ऐसे 259 गाँवों को चिन्हित किया गया था एवं पाया गया था कि इनमे से 122 गाँवों में ही बैंक की शाखा मौजूद है , बाकी के 137 गाँवों को विभिन्न बैंकों को आवंटित कर उन्हें brick & mortar branch खोलने के लिए सूचित किया गया था |

